प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या56/2025)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

वेबसाइट www.trai.gov.in

नई दिल्ली , 9 जुलाई 2025

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने ऊना और मंडी शहर तथा ऊना से बिलासपुर होते हुए मंडी राजमार्ग तथा रिवालसर और हमीरपुर होते हुए मंडी से ऊना राजमार्ग और नई दिल्ली से ऊना रेल्वे मार्ग पर नेटवर्क की गुणवत्ता का आंकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने मई 2025 के महीने के दौरान व्यापक शहर/राजमार्ग/रेलवे मार्गों को कवर करते हुए हिमाचल प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विभिन्न वातावरणों अर्थात- शहरी क्षेत्रों, इंस्टीटयूशनल हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और उच्च गति वाले कॉरिडोर में रीयल वर्ल्ड मोबाईल नेटवर्क के निष्पादन को आंकने के लिए डिज़ाइन किये गये थे ।

भादूविप्रा की टीमों ने 26 मई 2025 से 28 मई 2025 के बीच 116.6 किलोमीटर सिटी टेस्ट, 283.9 किलोमीटर हाईवे टेस्ट, 384.8 किलोमीटर रेलवे टेस्ट, 5 हॉटस्पॉट लोकेशंस और 2.3 किलोमीटर वॉक टेस्ट में विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकियों में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी शामिल हैं, जो विभिन्न क्षमताओं वाले हैंडसेट में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाती हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को पहले ही सूचित किया जा चुका है ।

मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटर:

**ए) वॉयस सर्विसेज:** कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर), ड्रॉप कॉल रेट (डीसीआर), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एमओएस) कवरेज।


बी) **डेटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट और वीडियो स्ट्रीमिंग देरी।


ऊना और मंडी में कुल मिलाकर मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन मिश्रित पाया गया। कॉल सेटअप सक्सेस रेट- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.90%, 93.29%, 98.70% और 95.48% है। ड्रॉपकॉल रेट - ऑटो-सेलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल रेट क्रमशः 0.67%, 15.69%, 0.66% और 2.03% है। 5जी डेटा सेवाओं ने शहर के हॉटस्पॉट में उत्साहजनक परिणाम भी दिखाई दिए, जिसमें पीक डाउनलोड स्पीड 572.97 एमबीपीएस और अपलोड स्पीड 62.30 एमबीपीएस तक पहुंच गई।

## प्रमुख सेवा गुणवत्ता मापदंडों के अनुसार निष्पादन

**सीएसएसआर** : कॉल सेटअप सक्सेस रेट (% में%), **सीएसटी**: कॉल सेट अप टाईम (सेकंड में), **डीसीआर**: ड्रॉप कॉल रेट (%में)

**एमओएस:** मीन ओपिनियन स्कोर




### वॉइस सेवाओं का सारांश

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट** : ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में की कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 98.90%, 93.29%, 98.70% और 95.48% है।

**कॉल सेटअप टाईम**: ऑटो-सिलेक्शन मोड में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल में (5जी/4जी/3जी/2जी) में कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 1.28, 3.85, 0.76 और 2.15 सेकंड का है।

**कॉल ड्रॉप रेट**: ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की कॉल रेट क्रमशः 0.67%, 15.69%, 0.66% और 2.03% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट**: एयरटेल, आरजेआईएल और वीआईएल की पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4जी/5जी) में साइलेंस कॉल रेट क्रमशः 1.39%, 2.14% और 3.90% है।

**औसत राय स्कोर** (एमओएस): एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का औसत एमओएस क्रमशः 3.92, 2.61, 3.89 और 3.81 है।

### डेटा सेवाओं का सारांश

**डेटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी/2जी) की 134.56 एमबीपीएस, बीएसएनएल (4जी/3जी/2जी) की 3.25 एमबीपीएस, आरजेआईएल (5जी/4जी) की 194.15 एमबीपीएस और वीआईएल (4जी/2जी) की औसत डाउनलोड स्पीड 15.88 एमबीपीएस है।

**डेटा अपलोड निष्पादन(समग्र):** एयरटेल (5जी/4जी/2जी) की 19.07 एमबीपीएस, बीएसएनएल (4जी/3जी/2जी) की 3.76 एमबीपीएस, आरजेआईएल (5जी/4जी) की 18.89 एमबीपीएस और वीआईएल (4जी/2जी) की औसत अपलोड स्पीड 7.15 एमबीपीएस है।

**डेटा निष्पादन - हॉटस्पॉट (एमबीपीएस में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल- | 4जी डी/एल: 59.56 | 4जी यू/एल: 18.20 |
| | 5जी डी/एल: 572.97 | 5जी यू/एल: 62.30 |
| बीएसएनएल- | 4जी डी/एल: 5.27 | 4जी यू/एल: 12.73 |
| आरजेआईएल- | 4जी डी/एल: 59.52 | 4जी यू/एल: 14.55 |
| | 5जी डी/एल: 326.39 | 5जी यू/एल: 53.38 |
| वीआईएल - | 4जी डी/एल: 14.30 | 4जी यू/एल: 6.55 |

Note- "D/L" Download speed, "U/L" Upload speed

ऊना और मंडी के मूल्यांकन के मामले में, ऊना में बरनोह, डांगोली, जलग्रान, झालेरा और लाल सिंघी तथा मंडी के मामले में पखरी, कुन्नू, नारला, पधार और कोटरोपी जैसे उच्च घनत्व वाले इलाके शामिल थे। भादूविप्रा ने उपयोगकर्ता अनुभव को दर्शाने के लिए जिला और सत्र न्यायालय ऊना, आई.सी.एफ.ए.आई.ऊना, आई.आई.टी.मंडी, आई.एस.बी.टी.ऊना और सनराइज अस्पताल, ऊना में रीयल वर्ल्ड हालातों का भी मूल्यांकन किया। ऊना शहर में

26 मई 2025 और मंडी शहर में 28 मई 2025 को आयोजित वॉक टेस्ट, ऊना रेलवे स्टेशन और आई.आई.टी. मंडी पर केंद्रित थे, जो भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल चलने वालों के मोबाइल में नेटवर्क व्यवहार को दर्शाते थे। ऊना से मंडी राजमार्ग कॉरिडोर, जिंदवाड़ी, गंगूवाल, कीरतपुर साहिब, जकातखाना, बिलासपुर, घाघास, बरमाना, सुंदरनगर और नागचाला आदि से गुजरने वाला एक तेज गति वाला मार्ग और मंडी से ऊना तक नेर चौक, रिवालसर, मनोह, लादरौर, भोटा, हमीरपुर, सलौनी, बरसर, मटियाना और बरनोह आदि से गुजरने वाले मार्ग का भी परीक्षण किया गया ताकि अंतर-शहरी यात्रा के दौरान सेवा की गुणवत्ता को समझा जा सके।

**भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी ने इन निष्कर्षों पर टिप्पणी करते हुए कहा:**

*'भारत तेजी से डिजिटल रूप से जुड़ी अर्थव्यवस्था में बदल रहा है, भादूविप्रा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सेवा की गुणवत्ता उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप रहे। आई.डी.टी. के परिणाम वास्तविक उपयोगकर्ताओं के अनुभवों को दर्शाते हैं, बेंचमार्क ऑपरेटर के प्रदर्शन में मदद करते हैं और आवश्यक नेटवर्क सुधारों का मार्गदर्शन करते हैं,*

ये परीक्षण ट्राई-कैलिब्रेटेड इक्विपमेंटस और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके वास्तविक समय के वातावरण में आयोजित किए गए थे। इसकी विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए श्री विवेक खरे, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली) भादूविप्रा से ईमेल: adv.ca@trai.gov.in या दूरभाष संख्या.+91-11-20907772 पर संपर्क किया जा सकता है।

अतुल चौधरी 9/7/25

(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा